**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 3 दिसंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)**

हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज महिलाओं के लिए शुरू की गई लाडो लक्ष्मी योजना की दूसरी किश्त जारी की। मुख्यमंत्री ने बटन दबा कर डिजिटल माध्यम से प्रत्येक पात्र महिला के खाते में 2100 रुपये हस्तांतरित किए। लक्ष्मी लाडो योजना की पहली किश्त पहली नवंबर को जारी की गई थी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार 7 लाख से अधिक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर लाडो लक्ष्मी ऐप जारी किया गया था। योजना की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी है। आवेदन पूरा होते ही 24 से 48 घंटे में वेरिफिकेशन किया जाता है और पात्र महिलाओं को एसएमएस के माध्यम से सूचना भेजी जाती है। मुख्यमंत्री ने सभी लाभार्थी महिलाओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हर तीन महीने में यह राशि नियमित रूप से जारी की जाएगी।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राजभवन और राज निवास का नाम बदलकर लोकभवन और लोक निवास किया जा रहा है। उन्होंने इसे एक विकसित और श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

**********************************************************************

भारत ने टीबी की वजह से होनी वाली मृत्यु दर में कमी हासिल की है। यह दर वर्ष 2015 में प्रति लाख आबादी पर 28 थी जो घटकर वर्ष 2024 में प्रति लाख आबादी पर 21 हो गई। नई दिल्ली में संसद भवन एनेक्सी सभागार में टीबी मुक्त भारत अभियान पर सांसदों को संबोधित करते हुए, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने में सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया।

**1- जगत प्रकाश नड्डा - 23 सेकंड**

हमने लैब्स बढ़ाई हैं, टेस्टिंग लैब्स बढ़ाई हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर और हमारे जो विक्षय शिविर हैं टीबी के उन्मूलन के शिविर हैं उसमें हमने बहुत प्रगति की है। और साथ में कम्युनिटि के साथ मिलकर हमने इस काम को आगे बढ़ाया है। अभी और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। और उसको हमको तीव्र गति से आगे बढ़ाने में आपका हमको सहयोग चाहिए, आपका हमको समर्थन चाहिए।

**********************************************************************

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, ने कल चंडीगढ़ में विधानसभा की पत्रिका 'सदन संदेश' का विमोचन किया। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री महीपाल ढांडा, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा मंत्री व विधायक मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पत्रिका में बीते एक वर्ष के दौरान हरियाणा विधानसभा के सभी सत्रों की विस्तृत समीक्षा शामिल की गई है, जिससे आमजन को सदन की कार्यवाही की सटीक और विधिवत जानकारी प्राप्त होगी।

**********************************************************************

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि घुसपैठियों और अवैध प्रवासियों के पास कोई कानूनी अधिकार नहीं है। न्यायालय ने कहा कि देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वालों के लिए **रेड कार▯ट** नहीं बिछाया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश

सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कल एक **बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका** पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। इसमें अधिकारियों की हिरासत से कुछ रोहिंग्याओं के लापता होने का आरोप लगाया गया था। पीठ ने कहा कि लाभ और सुविधाएँ देश के नागरिकों पर केंद्रित होनी चाहिए, न कि किसी अवैध रूप से प्रवेश करने वालों पर। न्यायालय ने कहा कि अवैध प्रवासियों को हिरासत में यातना नहीं दी जा सकती।

**********************************************************************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फेक न्यूज लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। उन्होंने सोशल मीडिया, भ्रामक खबरों और एआई जनित डीप फेक पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि एआई जनित डीप फेक की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक नया मसौदा नियम प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार और भारतीय प्रेस परिषद दोनों ही किसी भी टीवी चैनल या समाचार पत्र के खिलाफ आने वाली शिकायतों पर सक्रिय रूप से विचार कर रहे हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि फर्जी खबरों या फर्जी बयानों का सक्रिय रूप से विरोध किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार और समाज की जिम्मेदारी है कि वे सामूहिक रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए काम करें कि समाज में विश्वास बना रहे और उसे और मजबूत किया जाए। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया के माध्यम से देश में एक नई क्रांति ला दी है और देश इसके सकारात्मक प्रभाव देख रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऑनलाइन मनी गेमिंग को नियंत्रित करने के लिए बहुत ही सख्त कानून बनाया है जिससे देश भर के करोड़ों परिवारों को लाभ हो रहा है।

**********************************************************************

केंद्रीय खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि देश भर में शत-प्रतिशत राशन कार्ड अब डिजिटल हो चुके हैं।आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री जोशी ने कहा कि लगभग सभी 20 करोड़ 58 लाख घरेलू राशन कार्ड डिजिटल हो चुके हैं।

**********************************************************************